मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-443
04/09/2021

# टोक्यो पैरालंपिक 2020 के पी4 मिक्सड 50 मीटर पिस्टल एस0एच0–1 इवेंट में भारत के लिये रजत पदक जीतने पर मुख्यमंत्री ने श्री सिंहराज अधाना को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं

पटना, 04 सितम्बर 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने टोक्यो पैरालंपिक 2020 के पी4 मिक्सड 50 मीटर पिस्टल एस0एच0–1 इवेंट में भारत के लिये रजत पदक जीतने पर श्री सिंहराज अधाना को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पी4 मिक्सड 50 मीटर पिस्टल एस0एच0–1 इवेंट में श्री सिंहराज अधाना के रजत पदक जीतने पर पूरा देश गौरवान्वित है। उनकी कड़ी मेहनत, जुनून और दृढ़ संकल्प ने ही आज उन्हें इस मुकाम पर पहुँचाया है। वे निरंतर प्रगति के शीर्ष पर पहुँचें और देश का नाम रौशन करते रहें, ऐसी मेरी कामना है।

******